**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 10 सितंबर 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

==============================================

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में **प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण** यानी DBT के माध्यम से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के खातों में कुल 1,890 करोड़ 16 लाख रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की । मुख्यमंत्री ने 15 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के 35 लाख से अधिक लाभार्थियों को 1,129 करोड़ रुपये जारी किए। साथ ही दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की 11वीं किस्त के रूप में 10 लाख 10 हज़ार महिला लाभार्थियों को लगभग 212 करोड़ रुपये और हर घर हर गृहिणी योजना के तहत 5 लाख महिलाओं के बैंक खातों में जुलाई महीने की 19 करोड़ 68 लाख रुपये की सिलेंडर सब्सिडी डाली गई।

इसके अलावा, राज्य सरकार ने दयालु योजना के तहत प्रभावित 4,520 परिवारों को 168 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि प्रदान की है। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत 670 लाभार्थियों को 311 करोड़ 25 लाख रुपये ई-कुबेर के माध्यम से जारी किए गए, जबकि भावांतर भरपाई योजना के अंतर्गत आलू, फूलगोभी और शहद का उत्पादन करने वाले 6,177 किसानों को 49 करोड़ 89 लाख रुपये की राशि सौंपी गई। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकारें हर वर्ग को सशक्त बनाने का काम कर रही है।

---------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर 'विकसित भारत' की तर्ज पर 'विकसित पंजाब' का निर्माण किया जाएगा। चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर पंजाब से आए 500 से अधिक सरपंचों, जिला परिषद सदस्यों और किसान नेताओं को भाजपा में शामिल कराने के बाद उन्होंने यह बात कही।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पंजाब की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि राज्य का युवा नशे की गिरफ्त में है और वहां विकास तथा जनहित के फैसलों वाली मजबूत सरकार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पंजाब में भाजपा सरकार आने पर युवाओं को नशे से दूर किया जाएगा, उद्योगों का पलायन रोका जाएगा, स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलेगा और व्यापारियों में सुरक्षा का माहौल बनाया जाएगा।

-----------------------------------------------

पंचकूला में डेंगू के 14 मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह चौकस हो गया है। विभाग की ओर एक एडवाइजरी जारी की गई है और लोगों से अपने आसपास साफ-सफाई रखने की अपील की गई है।

पंचकूला की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुक्ता कुमार ने बताया कि डेंगू के 14 मामले जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से हैं। इनमें सबसे ज्यादा मामले सूरजपुर क्षेत्र से हैं। उन्होंने बताया कि डेंगू की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीमें अलग-अलग इलाकों में डेंगू के लार्वा की जांच कर रही हैं और लोगों को जागरूक भी कर रही हैं।

------------------------------------------

हरियाणा के कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने राज्य के सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026-27 के लिए राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के अंतर्गत रिक्त सीटों पर मौके पर दाखिला की प्रक्रिया की अंतिम तिथि 19 सितंबर तक बढ़ा दी है।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि संस्थान स्तर पर होने वाली यह दाखिला प्रक्रिया नए और पुराने आवेदनों की संयुक्त मेरिट के आधार पर होगी तथा इसमें कोई आरक्षण लागू नहीं होगा।

यह दाखिला प्रक्रिया पूरी तरह से संस्थान स्तर पर आयोजित की जाएगी, जिसके लिए विभाग की आधिकारिक वेबसाइट www.admissions.itiharyana.gov.in पर नया ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

--------------------------------

कलायत पुलिस ने कैथल में खेतों से ट्यूबवेल की केबल और अन्य सामान चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

============================